# भारतीय रिज़र्व बैंक

## ऑनलाइन परीक्षा / टेस्ट के लिए सूचना पुस्तिका

## नई दिल्ली कार्यालय में ड्राइवर की भर्ती हेतु

इस पुस्तिका में उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं जो आप देने जा रहे हैं । आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यातायात चिह्न/नियमों का ज्ञान | 20 | 20 | द्विभाषी अर्थात् अंग्रेजी और हिंदी में विस्तृत अंश (पैसेज) प्रश्नावली को छोड़कर | 120 मिनट |
| 2 | ड्राइविंग कौशल्य | 20 | 20 | | |
| 3 | मोटार मैकेनिज़्म और माइनर रिपेअर्स | 20 | 20 | | |
| 4 | तर्कशक्ति | 20 | 20 | | |
| 5 | विस्तृत अंश (पैसेज)* (अंग्रेजी और हिंदी भाषा) | 10 | 40 | | |
| | **कुल** | **90** | **120** | | **120 मिनट** |

* अंग्रेजी और हिंदी भाषा प्रत्येक के लिए 20 अंक। प्रत्येक गद्यांश में 5 प्रश्न हैं, और प्रत्येक प्रश्न 4 अंक के हैं।

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, बुलावा पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180-240 मिनट रहना पड़ सकता है । विस्तृत अंश (पैसेज) (अंग्रेजी और हिंदी भाषा) के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । दिए गए 120 मिनट में आप किसी भी प्रश्न को हल कर सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती नही की जायेगी।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) ऑनलाइन परीक्षा एक सत्र में आयोजित कराई जाएगी। हालाँकि, एक से अधिक सत्रों की आवश्यकता हो सकती है यदि नोड्स की क्षमता कम हो या किसी केंद्र पर या किसी भी उम्मीदवार के लिए कुछ तकनीकी व्यवधान उत्पन्न हो। समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन, इनमें से कुछ प्रकार के अथवा सभी प्रकार या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नहीं किया गया हो।**

**कुछ नमुना प्रश्न नीचे दिए गए हैं :**

## नमूना प्रश्न

## ड्राइविंग कौशल्य

### यातायात नियमों/संकेतों की जानकारी

**प्र.1.** कौन सा यातायात लाइट सिग्नल "आप जा सकते है" को दर्शाता है ?

(1) लाल (2) पीला (3) हरा (4) नारंगी (5) नीला

**प्र.2.** निम्नलिखित आदेशात्मक सड़क चिह्न _________ को दर्शाता है।



(1) दाएं मुड़ना मना है (2) दाएं मुड़ना अनिवार्य है (3) ओवरटेकिंग मना है

(4) गाड़ी खड़ी करना मना है (5) बाएं मुड़ना अनिवार्य है

### ड्राइविंग कौशल

**प्र.1.** ढलान पर वाहन खड़ा करते समय चाल को _______

(1) हैंडब्रेक लगाना चाहिए (2) न्यूट्रल पर शिफ्ट करना चाहिए (3) इंजन चालू रखना चाहिए

(4) ब्रेक पैडल दबाकर रखना चाहिए (5) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

**प्र.2.** वाहन को स्टार्ट करने से पहले चालक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि ______

(1) पहला गियर लगा हुआ है (2) रिवर्स गियर लगा हुआ है (3) एक्सेलरेशन पैडल दबा हुआ है

(4) लीवर्स न्यूट्रल स्थिति में है (5) पहिए बाईं ओर मुड़े हैं

### मोटर मैकेनिज़्म और छोटी-मोटी मरम्मत

**प्र.1.** ब्रेक्स में ABS का अर्थ _________ है।

(1) Antilock Braking System (2) Antirust Brake System (3) All Brake System

(4) Accelerate Brake Speed (5) Acceleration Brake System

**प्र.2.** मल्टी-V-बेल्ट ट्रांसमिशन में, यदि कोई एक बेल्ट टूट गइै है, तो हमें प्रथा के तौर पर _______

(1) टूटी हुई बेल्ट को बदलना पड़ता है

(2) टूटी हुई बेल्ट और इसकी आसन्न बेल्टों को बदलना पड़ता है

(3) सभी बेल्टों को बदलना पड़ता है

(4) किसी बेल्ट को नहीं बदलना पड़ता है, क्योंकि शेष बेल्ट भार के संचरण को संभाल सकती हैं

(5) सभी कमजोर बेल्टों को बदलना पड़ता है

## तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे ।

**प्र.1.** **निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षरसमूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है।

(1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.2.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?

(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) तोखडा (5) बोपरी

**प्र.3.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.4.** यदि शब्द “DEPRESSION” के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है?

(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## COMPREHENSIVE PASSAGE (ENGLISH LANGUAGE)

**Q.1-2.** Read the following passage carefully and answer the given question.

Badal and Rajmal lived side by side and had their shops in a busy market place. Although his goods sold quickly Rajmal made just enough to sustain himself and his family as he often allowed the needy to buy goods and pay for them later. One day Rajmal decided to go on a pilgrimage with his family. However he did not want to take the little money he had accumulated with him. “There may be thieves along the way. I shall also need some money to get my business running again when I return. I think I should leave my savings with Badal. He is a rich man so I can trust him.” Rajmal went to Badal and requested him to keep his savings safely. Badal assured him that he would guard the savings with his life till Rajmal’s return.

Six months later when Rajmal returned he went to Badal with some sweets and began to talk about the trip. Badal said, “I have no time to listen to your story now, I am too busy.” “All right I will come another day but give me the savings I entrusted to you.” “You gave me no money”, Badal shouted “if you want me to pay for the sweets you bought, I will, but you did not leave any money with me.” A small crowd gathered around. They knew Rajmal to be an honest person and he was well liked. On the other hand, he had just returned from his trip and may be being embarrassed to borrow money, he was trying to get money through this means. Unable to decide whom to believe, both men were taken before the king. He listened to everyone, one by one and then closed his eyes and pondered deeply. “Who else was with you when you handed over your savings ?”, he asked Rajmal. “No one Sir”, Rajmal replied. “But you must produce a witness” the king insisted. “There was no one there except a few parrots”, Rajmal said in despair. “Then bring a parrot to me. One of my courtiers can understand their language. We shall learn the truth.” Rajmal left to bring back a parrot. The crowd began to mutter. “How can anyone understand the language of a parrot ?” But the king began to speak to Badal, “Rajmal is taking a long time to return”, “Oh, he will take at least two hours each way although I am sure he has run away”, was Badal’s reply. The king said nothing. Five hours later Rajmal arrived in tears having been unable to capture a single parrot. The king however ordered his guards to imprison Badal, “How could you have known how long it would take him to return if you did not know the spot where Rajmal had entrusted the money to you ? You will return your friend’s money at once !” Rajmal bowed and praised the king for his wisdom.

**Q.1.** Why was Rajmal not wealthy ?
(1) He could not sell many of his goods since they were of inferior quality.
(2) The price of his goods was too high for the poor to afford.
(3) He spent all his money buying his family expensive gifts.
(4) He allowed poor customers to pay him when they could afford to.
(5) He spent most of his money on going for pilgrimages.

**Q.2.** Which of the following can be said about Badal ?
(1) He was a true friend to Rajmal.
(2) He was greedy but poor.
(3) He had a poor memory and forgot that Rajmal had left his savings with him.
(4) He did not like sweets.
(5) He was a shopkeeper.

## COMPREHENSIVE PASSAGE – Hindi

**प्रश्न. 1-2. दिए गए प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसमें कुछ शब्दों को मोटे रूप में दर्शाया गया है और नीचे मोटे रूप में दिए गए शब्दों से संबन्धित प्रश्न दिये गए हैं। प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसका उत्तर दीजिए।**

**उस रात सीनू अचानक बीमार पड़ा। रत्ना भी अपने घर गयी हुई थी। आज नौकर भी जल्दी चला गया था। बुखार से शरीर तप रहा था और उसे जब कुछ नहीं सूझा तो जैसे-तैसे बाहर जाकर पड़ोसी का दरवाजा खटखटाया । सीनू का पड़ोसी अधखुली आँखों में दरवाजा खोलता है। सीनू उससे दरवाजे पर खड़ा-खड़ा बुखार की गोली के लिए पूछता है। वह अंदर जाता है और चौक में रखी मेज की दराज से टैबलेट निकालकर सीनू को दे देता है और सीनू को टैबलेट देकर वह दरवाजा बंद कर लेता है। कदाचित् उस समय रात के दो-तीन बजे थे। एक बार सीनू को लगता है कि उसने बेवजह पड़ोसी की नींद में खलल डाल दी। पड़ोसी से उसकी बातचीत कम ही होती थी और वो दोनों अपनी ही दुनिया में खोए रहते थे ।**

**दवाई लेकर सीनू सुबह तक चंगा हो गया। दिन में जब सीनू पड़ोसी से मिला तो उसने पूछा,"मेरी असरदार टैबलेट से आप ठीक हो गए, कितनी अच्छी बात है!"**

**सीनू ने कहा "लेकिन, आप कितने भले इंसान हैं, जो जरूरत के समय मेरे काम आए।**

**नहीं ऐसा कुछ नहीं है "खैर, छोड़ो! मैं अभी चलता हूं ।"**

**"हां, मेरे लायक कोई काम-सेवा हो तो जरूर बताइएगा"**

**"हां, अभी सेवा-कार्य तो एक ही है कि आप मेरी टैबलेट की राशि जरूर भिजवा दीजिएगा"**

**वह जा चुका था। कुछ देर में ही सीनू माथा पीट लिया और तुरंत पड़ोसी के प्रति भले आदमी वाली धारणा हवा में घुल गई। फिर सोचा बहरहाल, आदमी वक्त पर किसी के काम आएं, यह एक टैबलेट की कीमत से ज्यादा कीमती है। उसने सोचा, बाजार से वह एक नहीं, पांच टैबलेट खरीदकर पड़ोसी को वह खुद प्रस्तुत करेगा, ताकि आपस में खालीपन कभी महसूस न हो। यह सोचकर उसने दरवाजे के बाहर कदम उठाए तो उसने देखा उसकी पत्नी रत्ना घर में प्रवेश कर रही है।**

**प्रश्न: 1. गद्यांश के अनुसार, सीनू की पड़ोसी के प्रति भले आदमी वाली धारणा पलभर में गायब क्यों हो गयी?**

**1) पड़ोसी द्वारा सीनू को टैबलेट की कीमत दिखाने**

**2) पड़ोसी द्वारा सीनू को टैबलेट का पैसा देने को कहने**

**3) आधी रात को पड़ोसी द्वारा सीनू को टैबलेट देने**

**4) पड़ोसी द्वारा रात में बिना बात करे दरवाज़ बंद करने**

**5) पड़ोसी द्वारा बीमारी में भी सीनू की सुध नहीं लेने**

**प्रश्न: 2. गद्यांश में दिया गया वाक्य "हां, मेरे लायक कोई काम-सेवा हो तो जरूर बताइएगा" निम्न में से किसके द्वारा कहा गया है?**

**1) सीनू 2) सीनू के पड़ोसी 3) रत्ना 4. सीनू के नौकर 5. दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं**

## (अ) <u>ऑन-लाईन परीक्षा का विवरण</u> :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) विस्तृत अंश (पैसेज) (अंग्रेजी और हिन्दी भाषा) के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिन्हित **(Marked for Review)** स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, किसी एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(15) दिए गए 120 मिनट में आप किसी भी प्रश्न को हल कर सकते हैं।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(17) परीक्षा समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार निर्धारित प्रश्नावली संबंधित ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे ।

(18) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें । देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए ।

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय रिज़र्व बैंक प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान केलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(7) फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पी.डब्लू.बी.डी. उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(8) आपके अपने फोटोग्राफ को बुलावा-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक स्व-सत्यापित फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** भारतीय रिज़र्व बैंक स्टाफ अभ्यर्थी आरबीआई द्वारा जारी पहचान पत्र साथ लाएँ। कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । जिन उम्मीदवारों ने अपना नाम बदल लिया है, उन्हें परीक्षा स्थल पर रिपोर्ट करने के समय राजपत्र अधिसूचना या उनके विवाह प्रमाण पत्र या शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। कृपया यह भी ध्यान दें कि कॉल लेटर पर चिपकाया गया आपका फोटो ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपलोड किए गए फोटो से मेल खाना चाहिए, इसमें विफलता पर आपको परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। परीक्षा स्थल पर रजिस्ट्रेशन फोटो व बायोमैट्रिक केप्चर से किया जाएगा। कैप्चर किए गए फोटो का मिलान आपके द्वारा आवेदन में अपलोड किए गए फोटो से किया जाएगा (जैसा कि कॉल लेटर में प्रिंट किया गया है)। आप, आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अपना रूप नहीं बदलें।

(9) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भारतीय रिज़र्व बैंक उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(10) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (ब्लू/ब्लैक इंक) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ़ वर्क करने के लिए आपको कागज़ का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको बुलावा पत्र के साथ कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप देना है।

(11) परीक्षा के प्रशासन में कुछ समस्या होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा परिणाम सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमेंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन संस्थान के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

(12) सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(13) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या मौखिक अथवा लिखित इलेक्ट्रानिक अथवा मैकेनिकल तरीके से परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(14) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भारतीय रिज़र्व बैंक की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(15) आपको अन्वेषक (निरीक्षक) की उपस्थिति में कॉल लेटर में दिए गए स्थान पर, अपने हस्ताक्षर और बाएं अंगूठे का निशान लगाना होगा। (उम्मीदवारों को अंगूठे का निशान लगाने के लिए अपना नीला/काला स्टाम्प पैड लाना होगा)।

(16) आपको कॉल लेटर और सूचना हैंडआउट की कोई हार्ड कॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी। इसे केवल आरबीआई की वेबसाइट www.rbi.org.in से डाउनलोड करना होगा।

**(17) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।**

## <u>सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश</u>

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**

   **क. मास्क**

   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

   **ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला इंक)**

   **घ. (बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**
4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

**आपको शुभकामनाएं**